राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :– **दिनांक :– 20.04.2015**

आयोग द्वारा दिनांक 21.02.2015 को आयोजित शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड – द्वितीय एवं तृतीय परीक्षा 2013 की उत्तर कुंजियाँ आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 03.03.2015 व 25.03.2015 को जारी कर ऑनलाइन आपत्तियाँ आमंत्रित की गयी। उक्त विषयों में अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्तियों की जांच विषय विशेषज्ञों से करवा कर संशोधित उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाईट पर दिनांक 20.04.2015 को जारी कर दी गयी हैं। यदि किसी भी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो दिनांक 21.04.2015 से 3 दिवस अर्थात् दिनांक 23.04.2015 को रात्रि 12.00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाईन आयोग की वेबसाईट पर दर्ज करवा सकता है। पूर्व में प्राप्त आपत्तियों के अतिरिक्त नई आपत्तियाँ स्वीकार नहीं की जावेगी। **आपत्तियाँ केवल ऑनलाइन ही प्रस्तुत करें। ऑनलाइन आपत्तियों का लिंक दिनांक 21.04.2015 से दिनांक 23.04.2015 को रात्रि 12.00 बजे तक ही उपलब्ध है, उसके पश्चात् लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। अन्य किसी माध्यम से भेजी गई आपत्तियाँ स्वीकार नहीं की जाऐंगी। ऑनलाइन आपत्तियों के लिये आयोग के ऑनलाईन आब्जेक्शन पोर्टल rpscexamsobjections.rajasthan.gov.in अथवा लिंक rpsc.rajasthan.gov.in या rpsconline.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन आपत्तियों के लिए दिशा – निर्देश आयोग के पोर्टल पर उपलब्ध हैं।** आपत्ति प्रामाणिक (Authentic) पुस्तकों के प्रमाण सहित प्रस्तुत करें । आपत्तियों के साथ प्रामाणिक (Authentic) पुस्तकों के प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में विचार नहीं किया जावेगा तथा वर्तमान में जारी की जा रही उत्तर कुंजी के आधार पर उक्त परीक्षा का परिणाम जारी किया जा सकेगा।

उप सचिव